संक्षिप्त

बच्चों को बांटी स्टेशनरी

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और बच्चों को पढाई के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनु सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ । संस्थान की संस्थापक सदस्य अनीता मीणा की पहल पर ओडा ग्राम पंचायत के देवाला, धामधर और एकलिंगपुरा स्थित राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकों और स्टाफ ने बच्चों को पढाई में नियमितता बनाए रखने और मेहनत करने की प्रेरणा दी। वहीं, संस्थान की ओर से उपस्थित धर्मचंद मीणा ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का वास्तविक आभूषण है और इसी से भविष्य में नई राहें खुलेंगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सामग्री प्राप्त की और संस्थान के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी अनु सेवा संस्थान की इस पहल की सराहना की।संस्थान की संस्थापक सदस्य अनीता मीणा ने कहा कि समाज के हर बच्चे को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए।

नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

उदयपुर, (कासं)। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट, उदयपुर आसपुर और साबला के विभिन्न विद्यालयों में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 2283 विद्यार्थियों की आँखों की जाँच की गई तथा उन्हें नेत्र संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। यह नेत्र परीक्षण शिविर मुख्य रूप से अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट की टीम द्वारा आयोजित किया गया। शिविर की संपूर्ण रूपरेखा अभय रैना , प्रशांत आमेटा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न की गई। टीम ने बच्चों की आँखों की जाँच के साथ-साथ उन्हें नेत्र स्वास्थ, साफ-सफाई तथा समय पर इलाज के महत्व के बारे में भी जागरूक किया और अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट का यह प्रयास समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। संस्थान ने संकल्प लिया है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार जनकल्याण हेतु कार्य करता रहेगा और नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देता रहेगा।इस अवसर पर डॉ. एल.एस. झाला (मेडिकल डायरेक्टर), डॉ. लक्ष्मी झाला (मैनेजगि ट्रस्टी) एवं मीनाक्षी चुंडावत (एगजीक्यूटिव ट्रस्टी) ने जानकारी दी कि अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट का उद्देश्य केवल नेत्र चिकित्सा सेवा देना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।

हर्षित व वसुंधरा ने जीते पदक

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय स्तर मेडिकल कॉलेजों की खेलकूद प्रतियोगिताओं के तहत तैराकी प्रतियोगिता में उदयपुर के हर्षित साहू ने सात व वसुंधरा चौहान ने पांच पदक जीत उदयपुर का मान बढ़ाया है।उदयपुर जिला तैराकी संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया के अखिल भारतीय इंस्टिटूट मेडिकल साइंस न्यू दिल्ली में एम्स स्टूडेंट एसोसिएशन 2025 द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर मेडिकल कॉलेजों की खेलकूद प्रतियोगिता में उदयपुर के हर्षित साहू ने सात व वसुंधरा चौहान ने पांच पदक जीते। तृतीय वर्ष एमबीबीएस इएसआईसी अलवर मेडिकल कॉलेज में अध्ययन हर्षित साहू ने मैन्स फ्री स्टाइल रीले, मिक्स फ्री स्टाइल रीले, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मे स्वर्ण पदक, 50 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा 100 मीटर फ्री स्टाइल मे रजत पदक तथा 50 मीटर बटर स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। वहीं तृतीय वर्ष एमबीबीएस मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत वसुंधरा चौहान ने 4ं50 मीटर मिक्स फ्री स्टाइल रीले मे स्वर्ण, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 100 मीटर फ्री स्ट्रोक मे रजत पदक तथा 50 मीटर बैक स्ट्रोक , 50 मीटर फ्री स्टाइल मे कास्य पदक प्राप्त किया।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। पुलिस ने अहमदाबाद के पॉश इलाके में हुई 1 करोड रुपए के जेवर और नकदी चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोम कमला आंबा बांध के बैक वाटर क्षेत्र में एक झोपडी बनाकर छिपा हुआ था। दोवडा थाना पुलिस ने उसे अहमदाबाद सिटी पुलिस को सौंप दिया है। दोवडा थानाधिकारी तेजकरण सिंह चारण ने बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान सोम कमला आंबा बांध क्षेत्र के बैक वाटर में एक झौंपडी में रहने वाले व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। उसे महंगी शराब पीते हुए देखा गया।

'राजकुमार रोत अपनी राजनीति चमकाएं समाज को न तोड़े'

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ उदयपुर में पत्रकारों से मुखातिब हुए

उदयपुर, (कासं)। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को होटल रॉयल हिस्टोरिया में आगामी 25 सितंबर को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा व जीएसटी रिफॉर्म पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस भारत में ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में मनाया गयाए उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा करने के लिए ईश्वर उन्हें असीम शक्ति प्रदान करें।

उन्होंने उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश बड़ा सौभाग्यशाली है कि आणविक संयंत्र बांसवाड़ा में स्थापित करने की आधारशिला रखने प्रधानमंत्री 25 सितंबर को आ रहे हैं। राजस्थान में एक संयत्र पहले से ही रावतभाटा में स्थित है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व की स्थिति और वर्तमान स्थिति में रात दिन का फर्क लग रहा है। भारत एक संपन्नशाली एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा।प्रधान सेवक मोदी को विश्व पटल पर सर्वमान्य नेता के रूप में जाने जाने लगा है।

बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत के 25 सितंबर को श्परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास पीएम के हाथों होने पर कटाक्ष करते हुए यह कहना कि ऐसा होना इस क्षेत्र के साथ घोर अन्याय होगा। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रोत के बयान की निंदा करते हुए कहा कि आप बांसवाड़ा की जनता से पूछ लो कि वे कितने खुश है। वहां जिनकी जमीन अवाप्त हुई उनको बाजार दर से दस गुणा मिल जाता तो वे कितने खुश हैं। अपनी राजनीति चमका लेकिन समाज को तोड़ने के लिए राजनीति करना अच्छी बात नहीं है।

राठौड़ ने आगे कहा वे (राजकुमार रोत) अपनी राजनीति चमकाए लेकिन समाज को तोड़ने के लिए राजनीति करना अच्छी बात नहीं है। वे अपनी योजनाएं बताए विकास का एजेंडा बताए। समाज को तोड़ने वाली बात समझ नहीं आती है। अपनी राजनीति चमकाना और समाज को तोड़ने की राजनीति देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।

जीएसटी रिफॉर्म पर बोलते हुए कहाए पहले 36 प्रकार के टैक्स देने पड़तेए व्यापारियों में हड़कंप थाए कई वैधानिक जटिलताएं थी, सभी का समाधान करते हुए मोदी ने जीएसटी लागू कियाए हाल ही में दैनिक उपयोगी एवं घरेलू खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी दर कम कर देशवासियों को तोहफा दिया। इनकम टैक्स में सुधार 12 लाख की आय तक कोई इनकम टैक्स देशवासियों से नहीं लिया जाएगा यह बड़ी राहत है मध्यमवर्गीय जनता के लिए।जीएसटी विलासिता की वस्तुओं पर ज्यादा लगाया और दैनिक उपभोग में आने वाली वस्तुओं पर कम करा। विशेष तौर से चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी राहत दी।महंगे इलाज की दवाइयों को टैक्स से मुक्त ही कर दिया।

चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट और निर्वाचन आयोग ने बता दिया फिर भी वे समझ नहीं पा रहे है। एसआर हर बार होता है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या को भारत में मतदाता बना दिया यह कैसे ठीक होगा।यह सोचना होगा कि इस देश पर शासन कौन करेगाए भारतीय करेगा वो थोड़ी कर सकते है। वोट चोरी की बात करने वाली कांग्रेस को यह सोचना चाहिए कि सोनिया गांधी 1980 में वोटर बन गई जबकि वे देश की नागरिक 1983 में बनी थी। तो वोट चोरी किसने किया है यह सबके सामने है।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए स्थानीय यूनिवर्सिटी घटना के बारे में उन्होंने बताया कि किसी को भी इतिहास बिना पढ़े कुछ बोलना नहीं चाहिए चाहे पक्ष में या विपक्ष में, इसकी पूरी तरह समीक्षा करके ही इसके बारे में कुछ कहा जा सकता है। सुखाडि़या विश्वविद्यालय की कुलगुरू का वामपंथी झुकाव के बारे में कहा कि कुछ भी हो उन्होंने इस विषय पर माफी मांगी इसका मतलब उन्हें इसका अपराध बोध है।उदयपुर हाई कोर्ट मसले पर कहा कि आपकी मांग उचित स्थान तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली,शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़,सांसद डॉ मनालाल रावत, गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती, देहात जिला प्रभारी आई एम सेठियाए सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सामर,महामंत्री पारस सिंघवीमीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल, अशोक आमेटा, शहर जिला मीडिया सह प्रभारी कृष्णकांत कुमावत आदि उपस्थित थे।

मंदिर व घरों में चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। राजनगर थाना पुलिस ने मंदिरों और सूने मकानों में चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है।

इन चोरों ने कानादेव का गुडा में तीन वारदातों को अंजाम दिया था, जिसमें एक मंदिर से चांदी के छत्र और मुकुट तथा दो घरों से सोने के आभूषण और अन्य सामान चोरी किया था। राजनगर सीआई सवाईसिंह ने बताया कि 22 अगस्तए 2ं25 को कानादेव का गुडा निवासी नारायणलाल गुर्जर ने राजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अगस्त की रात को अज्ञात चोरों ने कास्या भैरूजी बावजी मंदिर का ताला तोडकर चार चांदी के छत्र और चांदी के मुकुट चुरा लिए। इसी दौरान चोरों ने पास में स्थित मोहनलाल गुर्जर और प्रेम सिंह राजपूत के घरों में भी ताला तोडकर चोरी का प्रयास किया। एक अन्य मकान से चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और राउटर भी चुरा ले गए थे।

मामले की गंभीरता को लेकर एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर एएसपी महेंद्र कुमार पारीक और वृत्ताधिकारी विवेक सिंह के सुपरविजन में राजनगर थानाधिकारी सवाईसिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया।

पूछताछ के दौरान चारों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने गोगुंदा उदयपुर निवासी थावरचंद गमेती (32) पिता पुनाराम गमेती, प्रभुलाल गमेती (3ं0) पिता लाडूराम गमेती, लक्ष्मणलाल गमेती (3ं0) पिता रामाजी गमेती और खुमा गमेती (3ं0) पिता रामाजी गमेती को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए 8 चांदी के छत्र और मुकुट, एक सोने की चेन, एक सोने का मादलिया, सीसीटीवी डीवीआर, राउटर और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है।

वेलनेस का दिया सन्देश

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में आयोजित साडी फेस्टिवल में गीतांजली हॉस्पिटल का वेलनेस वाली साडी सेशन विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का आयोजन शी सर्किल सें तारिका भानूप्रताप, सीपीएस स्कूल और रॉकवुड्स के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर गीतांजली हॉस्पिटल की वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. पूजा गांधी, डॉ. रेनू मिश्रा, डॉ. नलिनी शर्मा, डॉ. अनुपमा हाडा, डॉ. नीलम तोषनीवाल, डॉ. भामिनी जाखेटिया और डॉ. रेखा राठौड ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गीतांजली चिकित्सकों के समूह को बेस्ट साडी ठ्गप के सम्मान और पुरस्कार से नवाजा गया। इस सम्मान का विशेष महत्व इसलिए रहा क्योंकि चिकित्सक होने के साथ-साथ उन्होंने साडी फेस्टिवल को स्वास्थ्य और वेलनेस से जोडकर समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम उपस्थित महिलाओं को सभी डॉक्टरों द्वारा वेलनेस संदेश दिया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल स्वस्थ नारी, शक्ति परिवार के बारे में जानकारी साझा की गई। सूचना प्रसारण विभाग से हरलीन गम्भीर और मानव संसाधन विभाग से राधिका सुवालका ने भी इस साडी उत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

फतेहपुरा शाखा, 7/2, फतेहपुरा
बेदला मुख्य सड़क, जिला उदयपुर, राजस्थान
ई-मेल: fatuda@bankofbaroda.com

वाहन के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, फतेहपुरा शाखा, 7/2, फतेहपुरा, बेदला मुख्य सड़क, जिला उदयपुर, राजस्थान प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 29.10.2025 को बेचा जाएगा। ऋणियों, प्रतिभूति-दाता, ज्ञात ऋण भार (यदि कोई हो) सहित वाहन, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, बकाया राशि व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा:

ऋणी का नाम व पता- श्रीमती आस्था त्रिपाठी पत्नी श्री अंकित चास्ता, पता: 15, अनुश्री वाटिका के पास, न्यू मंगलम कॉम्प्लेक्स द्वितीय शोभागपुरा, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं फ्लैट नं. 205, ए आर ड्रीम्स अपार्टमेन्ट, न्यू विद्यानगर, हिरण मगरी, सेक्टर 4, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान 313002

कुल बकाया राशि (13(2) मांग नोटिस के अनुसार) - रूपये 9,29,473.60 दिनांक 08.01.2025 को बकाया तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्च इत्यादि।

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) तथा के.वाई.सी., दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम तिथि 28.10.2025 सांय 4:00 बजे से पहले एवं वाहन निरीक्षण की तिथि 24.10.2025 को दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।

वाहन का ब्यौरा (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार)	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय
श्रीमती आस्था त्रिपाठी पत्नी श्री अंकित चास्ता के नाम वीडब्ल्यू वेन्टो टीएसआई एटी हाईलाईन, रजिस्ट्रेशन नं. RJ27CK3640, चेसिस नं. MEXA21600MT120081, इंजन नं. DSH017508, ईंधन का प्रकार- पेट्रोल, कलर- कार्बन स्टील का दृष्टिबंधक। अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रूपये 4,50,000/- / धरोहर राशि रूपये 45,000/- / बोली वृद्धि राशि रूपये 5,000/-	दिनांक 29.10.2025 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें-
1. विक्रय को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त अथवा स्थगित करने का अथवा किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सुरक्षित है। यह ठीक प्रकार से समझ लेवें कि विक्रय बैंक के द्वारा पुष्टि किये जाने के अधीन है।
2. इच्छित बोलीदाता जिन्होंने ईएमडी जमा कर दिया है और लॉगिन और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे मैसर्स ई-प्रोक्योरमेन्ट टेक्नोलोजिज लिमिटेड- ऑक्शन टाईगर, बी-704, वॉल स्ट्रीट-2, ऑरियन्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद 380006, सम्पर्क सूत्र श्री प्रवीण कुमार बेवर मोबाईल+91-9722778828 को सम्पर्क कर सकते है एवं वहान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, फतेहपुरा शाखा, 7/2, फतेहपुरा, बेदला मुख्य सड़क, जिला उदयपुर, राजस्थान से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सम्पूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं के अनुसार वाहन पर कोई भी अन्य ऋण-प्रभार नहीं है फिर भी इच्छुक बोलीकर्ता अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व इस वाहन पर ऋण-भार एवं दावे/अधिकार/ बकायों/प्रभावी संबंधी जांच-पडताल उनके स्वयं द्वारा अलग से कर सकता है।
4. ई-नीलामी के दौरान बोलीदाताओं को परस्पर अन्तिम बोली के ऊपर उच्च बोली लगाने की अनुमति दी जायेगी तथा किसी बोलीदाता द्वारा अंतिम बोली से उच्चतर यदि कोई बोली लगाई जाती है तो विक्रय प्रक्रिया अवधि 5 मिनट के लिये स्वत: ही बढ़ जायेगी तथा यह प्रक्रिया असीमित समय तक निरन्तर रहेगी।
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात ई-नीलामी हेतु प्लेटफॉर्म https://bob.auctiontiger.net देखें।

स्थान : उदयपुर
दिनांक: 19.09.2025
हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

भूखण्ड हड़पे

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना पुलिस ने पीडित के नाम से डमी व्यक्ति खड़ा कर भूखण्ड का विक्रयनामा तैयार करने वाले नौ से अधिक आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार मिठालाल वैष्णव निवासी दरीबा माइन्स ने मनीष कांतीभाई खराड़ी खराड़ी निवासी वन रोड़ टूवर्ड रीवर गांधीनगर गुजरात, सिकन्दर पुत्र नरसिंह निवासी परमवाड़ी उदयपुर, हेमंत सोनी निवासी सागवाड़ा डूंगरपुर, सौरभ अजमेरा पुत्र राजेंद्र निवासी अंबामाता, ममता पत्नी अशोक बोहरा निवासी अशोकनगर, मीना खमेसरा पत्नी राजेश खमेसरा निवासी पुलां, पल पुत्र राजेश खमेसरा, पार्थ पुत्र राजकुमार निवासी पुलां तथा जयेश वैष्णव निवासी दरीबामाइंस रेलमगरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरे दो भूखण्ड डाकन कोटड़ा क्षैत्र में है। आरोपियों ने मेरे नाम से डमी व्यक्ति को खड़ा कर 26 जून 2024 को कुटरचित मुख्तियार नामा व तैयार करवा भूखण्ड हडप लिया।

सुविवि कुलपति विवादित बोल: विरोध जारी, पुलिस से भिड़े छात्र

■ प्रशासनिक भवन में घुसने से रोकने पर हुई धक्का मुक्की

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा के बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बेकनी पुलिया से सर्व समाज के लोगों और युवाओं ने रैली निकालकर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन तक मार्च किया। वहां एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी नारेबाजी करते हुए कुलगुरु को हटाने की मांग पर अड़े रहे।

जब प्रदर्शनकारियों की भीड़ प्रशासनिक भवन की ओर बढ़ने लगी तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिसके कारण पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का.मुक्की हो गईस्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया। सर्व समाजए एबीवीपी व एनएसयूआई आदि के पदाधिकारी और कार्यकर्ता वहां जुटे रहे। पुलिस ने प्रशासनिक भवन के चैनल गेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।

प्रदर्शन के दौरान छात्र सुखाड़िया विवि की कुलपति के आवास पर पहुंच गए और अंदर घुसने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछे धकेल दिया। प्रशासनिक भवन के बाहर सर्व समाज और एनएसयूआई ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक कुलपति को नहीं हटाया जाएगाए यह आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा कुलपति के माफी मांगने और मामले को आगे न बढ़ाने के बयान पर भी नाराजगी जताई। विश्वविद्यालय में कुलपति को हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे एनएसयूआई के छात्रों में भी आक्रोश है। इस बीच एक छात्र कैलाश गुर्जर की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उसे तत्काल 108 एम्बुलेंस से एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया। आपको बतादें कि लगातार पिछले दिनों से यूनिवर्सिटी में हो रहे हंगामे के बाद कुलगुरु ने पिछले दिनों एक वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। वीडियो में कुलगुरु ने कहा कि 12 सितंबर को श्विकसित भारत का रोडमैप विषय पर सेमिनार किया गया था जिसमें उन्होंने भूलवश कुछ बातें कह दी थीं।उन्होंने कहा कि इसके लिए वह मेवाड़ की जनता और राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना से क्षमा मांगती हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके वक्तव्य से सर्वसमाज की भावनाओं को जो आघात पहुंचा है उसके लिए वह सर्वसमाजए खासकर राजपूत समुदाय से क्षमा मांगती हैं।

हमले के विरोध में कपासन पूर्ण रूप से बन्द रहा

कपासन, (निसं)। पानी की मांग करने वाले युवक पर हुए हमले के विरोध में सामाजिक संगठनों के आव्हान पर कपासन पूर्ण रूप से बन्द रहा। इससमस्त फूलमाली समाज विकास संस्थान आम चोकला मेवाड़ मातृकुंडिया जिला चित्तौड़गढ़ के द्वारा डीएसपी हरजीलाल यादव को उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन दिया गया।

पिछले दिनों कपासन क्षेत्र के युवक सूरज माली पर हुए जानलेवा हमले का मामला अब लगातार बढता जा रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है लेकिन मुख्य आरोपीयो की गिरफ्तारी की मांग ओर पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर शनिवार को कपासन क्षेत्र के बाजार बंद पूर्ण रूप रहे। वही पांच बत्ती चौराहा पर धरना प्रदर्शन जारी था। क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर को पानी के लिए किया गया चुनावी वादा याद दिलाने पर सूरज माली पर हुए जानलेवा हमले का मामला अब प्रशासन के लिए भी गले की फांस बन चुका है। इधर इस मामले में आरएलपी नेता हनुमान बेनिवाल ने धरने को संबोधित किया वहीं आज पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, प्रमोद सिसोदिया, राष्ट्रीय माली महासभा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सेनी, मेवाड़ माली महासभा के अध्यक्ष छोटू लाल माली, मदनलाल माली, श्यामलाल, मोहनलाल माली आदि ने 5 बत्ती चौराहे पर चल रहे धरने में भाग लिया। फोन पर संबोधित करते हुए हनुमान बेनिवाल ने कहा कि कपासन के एक युवक पर विधायक को पानी का चुनावी वादा याद दिलाने पर जानलेवा हमला किया गया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस महानिदेशक से बात करके दोषियों की गिरफ्तारी व साजिश का खुलासा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उसका परिवार अकेला नहीं है बल्कि हम सब लोग उसके साथ है और जरूरत होने पर वे कपासन पहुंचकर न्याय की मांग करेंगे। इस मामले में उन्होंने भाजपा विधायक अर्जुन लाल जीनगर पर हमला कराने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले में निष्पक्ष कार्यवाही होनी चाहिए।

अवैध शराब सहित कार जब्त, एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। टीडी थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी देवेंद्रसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नकाबांदी के दौरान कार को रोक तलाश की तो उसमें अवैध शराब के कर्टन पाए गए।

इस पर चालक कल्याणसिंह पुत्र मनोहरसिंह निवासी अदवासफला डकेनोर थाना जावरमाइंस सलुम्बर बताया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

राजस्थान सरकार

कार्यालय सदस्य सचिव, राज.मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरोली खण्ड
वल्लभनगर, जिला उदयपुर (राज.)

फोन नं. Email:-phc_daroli@yahoo.com.

क्रमांक/आर.एम.आर.एस./लेखा/ खुली निविदा/2025-26/111 दिनांक:-20.09.2025

खुली निविदा सूचना

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरोली के अन्तर्गत खुली निविदा क्रमांक/आर.एम.आर.एस./लेखा/खुली निविदा/2025-26/110 दिनांक 20/09/2025 को वित्तिय वर्ष 2025-26 में मानव संसाधन हेतु खुली निविदा आंमत्रित कि जाती है।

निविदा सुचना www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र उक्त पोर्टल से डाउनलोड भी किये जा सकते है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

NIB No. : MHS2526A2860
UBN No. : MHS2526SSOB04151

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-दरोली
खण्ड-वल्लभनगर, जिला-उदयपुर (राज.)

नगर परिषद राजसमंद की करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण

■ शिकायत के बाद भी कार्रवाई की बजाय दिए जा रहे नोटिस

राजसमंद, (निसं)। शहर के सनवाड में आरके रोड केलवाडा मार्ग पर नगर परिषद के ही एक पार्षद और उसके परिवार की ओर से नगर परिषद की करोडों रुपए की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए टीन शेड लगाकर पक्का निर्माण करवा लिया गया और उसमें धडल्ले से सीमेंट से बनने वाली ईंट का कारखाना चलाया जा रहा है। इसको लेकर नगर परिषद में की गई शिकायत पर जिम्मेदार अपनी ही जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की बजाय अतिक्रमी को सिर्फ नोटिस पर नोटिस ही जारी कर रहे हैं। यह आरोप श्री बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद कैलाश निष्कलंक ने शनिवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में लगाए।

उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि अतिक्रमी द्वारा किए गए अवैध कब्जे की जमीन पर कारखाने के साथ उसके पास में दो मंजिला पक्का निर्माण कर दुकानें बना दी गईए जिनका भी व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह जमीन नगर परिषद के खाते में होने के साथ ही तालेडी नदी का बहाव क्षेत्र भी है। इसके बावजूद इस बेशकीमती जमीन पर करीब आठ माह पूर्व अतिक्रमण किया गया, जिसका मुझे पता लगने पर शहर का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मैंने अतिक्रमण को लेकर जानकारी की तो पता लगा कि नगर परिषद के ही सत्ताधारी बोर्ड के पार्षद बंशीलाल कुमावत व उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा यह अतिक्रमण कर इस करोडों की जमीन का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया किइसको लेकर उन्होंने नगर परिषद में लिखित रूप में 25 अगस्त 2025 को नगर परिषद आयुक्त एवं सभापति अशोक टांक को पर्याप्त दस्तावेजों के साथ शिकायत प्रस्तुत की। इस पर नगर परिषद की ओर से मामले को लेकर एक जांच टीम का गठन किया गया। इस पर जांच टीम की ओर से की गई जांच और सर्वे में भी संबंधित जमीन पर अतिक्रमण होना पाया गया। उन्होंने बताया कि इसके बादइ नगर परिषद की ओर से अतिक्रमी बंसीलाल, खेमराज व तुलसीराम पुत्र मिया राम कुमावत निवासी सनवाड को 9 सितंबर 2025 को एक नोटिस जारी किया गया। इसमें बताया गया कि नगर परिषद के राजस्व रिकॉर्ड की भूमि में व्यावसायिक वाणिज्य गतिविधियां जैसे फ्लाई एस ब्रिक्स इंटरलॉकिंग पेपर ब्लॉक इत्यादि की निर्माण फैक्ट्री अवैध रूप से बनाई गई है इसके साथ ही नगर परिषद की आराजी संख्या 1996/1592 किम बारानी 3 जो नगर परिषद की खातेदारी भूमि में बिना स्वीकृति भूतल प्लस एक मंजिला भवन निर्माण व दुकान निर्मित करवा कर व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जो अवैधानिक कृत्य हैए इसे तुरंत बंद कर दिया जाए। साथ ही नोटिस में अतिक्रमण के मामले को लेकर दस्तावेज या तामीर स्वीकृति आदि 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने की हिदायत भी दी गई।

साथ ही ऐसा नहीं होने पर नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा के अंतर्गत कार्यवाही की चेतावनी भी जारी की गई थी। बताया कि अतिक्रमी की ओर से इस नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर नगर परिषद की ओर से अतिक्रमी को 17 सितंबर को दूसरा नोटिस जारी किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि दूसरे नोटिस पर अतिक्रमी बंसीलाल कुमावत की ओर से 19 सितंबर 2025 को परिषद को गोलमोल जवाब पेश करते हुए बताया गया कि आराजी संख्या 1908/1592 उनकी जमीन हैए जो कि करीब 100 वर्षों से उनकी खातेदारी में है। जबकि अतिक्रमी की ओर से नगर परिषद की ओर से जारी नोटिस के अनुसार इस संबंध में किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कि